## प्रेस नोट
## थाना सीपरी बाजार, झाँसी

**दिनाँक 02.08.2025**

➢ झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,

➢ 01 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से सोने के जेवरात (कीमत करीब-10 लाख रु0) तथा 2 लाख 20 हजार रुपये नगद व अवैध तमंचा कारतूस बरामद।

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी, श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 01.08.2025 को थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा समय 21:01 बजे रात्रि थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध ,चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे ,वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सटीक सूचना पर 01 अभियुक्त अभिषेक शर्मा पुत्र गौरी शंकर शर्मा निवासी ग्राम रमपुरा थाना निवाड़ी , जनपद निवाड़ी म0प्र0 को बूढ़ा पुल के आगे प्रतीक्षालय के पास से सोने के जेवरात, 2 लाख 20 हजार रुपये नगद तथा अवैध तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 31.07.2025 को वादी श्री अजय तिवारी पुत्र नारायणदास तिवारी नि0 543/2 कारगिल पार्क थाना सीपरी बाजार जनपद झांसी द्वारा थाना सीपरी बाजार में तहरीरी सूचना दी गयी कि उसकी पुत्री के साथ कालेज में पढ़ने वाला सीनियर छात्र अभिषेक शर्मा पुत्र गौरीशंकर शर्मा नि0 उपरोक्त ने दिनांक 22.07.2025 को मौका पाकर वादी के घर से जेवरात चुरा लिये गये हैं। वादी द्वारा जब अभियुक्त के घर जाकर चोरी किये जेवरात की मांग की गयी तो अभियुक्त अभिषेक शर्मा द्वारा वादी को डरा धमका कर जेब में रखे 10 हजार रुपये ले लिये और 10 लाख रुपये की माँग की गयी, जिसके सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना सीपरी बाजार में मु0अ0सं0 - 292/25 धारा 305ए/308(4)/317(2),(5) बीएनएस पंजीकृत कराया गया।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

अभिषेक शर्मा पुत्र गौरी शंकर शर्मा उम्र करीब-22 वर्ष निवासी ग्राम रमपुरा थाना निवाड़ी , जनपद निवाड़ी म0प्र0

**बरामदगी का विवरण –**

1 . सोने के जेवरात वजन 85 ग्राम (कीमत करीब- 10 लाख ) 2. 02 लाख 20 हजार रु/- नगद 3. 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण –** प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार मय पुलिस टीम